Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title : Need to provide employment allowance to unemployed youth in the country.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : महोदय, देश में बेरोजगारी बढती जा रही है। करोड़ों की संख्या में सरकारी पंजीकृत बेरोजगार रोजगार की आस लगाये प्रतिर्वा अपने बेरोजगार कार्ड का नवीकरण कराते, लेकिन उन्हें रोजगार मुहैया कराने में सरकार की असफलता स्पट दिखायी देती है। पिछले बजट में सरकार द्वारा 1 करोड़ रोजगार सृजित करने का वायदा किया गया था। वह पूरा नहीं किया जा सका है। सरकार द्वारा वस्त्रोद्योग बुरी तरह कराह रहा है। कपड़ा मिले बंद हो चुकी या बीमार हालत में हैं। हथकरघा और पावरलूम दम तोड चुके हैं। लाखों बुनकर बेरोजगारी के शिकार हैं, उनका पुनर्वास ही समस्या बन गयी, तब वस्त्रोद्योग में रोजगार के सृजन कैसे कराये जा सकते हैं।

रोजगार के अभाव में देश के युवा बेरोजगार आतंकी, नक्सली, वारदातों में संलग्न हो रहे हैं। इन खाली हाथों को रोजगार नहीं मिलने से वह अपना आक्रोश असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर व्यक्त कर रहा है। देश के युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकी में शामिल होना चाहिए। देश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर सृजित करने के लिए स्थानीय स्तर पर उद्योग, व्यवसाय, स्‍वरोजगार के लिए उचित सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है तथा बेरोजगार युवकों को जब तक कोइ लाभप्रद रोजगार उपलब्ध नहीं होता तब तक उन्हें बेरोजगारी भत्ता भी सरकार द्वारा उपलब्ध करना चाहिए। देश की युवा पीढ़ी बेरोजगारी से कुंठित न हो इसलिए सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तत्काल उपचारात्मक कदम उठाने चाहिए।